आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक 03.06.2024 समय 18.30

- प्रदेश के सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों और बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना कल सुबह 8 बजे से –सभी तैयारियां पूरी।
- मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा–18वीं लोकसभा के चुनाव में 64 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया।
- राज्य में पश्चिम विक्षोभ का असर खत्म– कई जिलों में तेज धूप और गर्मी से जनजीवन प्रभावित।
- प्रदेश में विश्व साईकिल दिवस पर रैलियों के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया गया।

000

राज्य में 25 लोकसभा क्षेत्रों में हुए चुनाव की कल मतगणना होगी। प्रदेश के सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना कल सुबह 8 बजे से शुरू होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य में मतगणना की सभी तैयारियों पूरी कर ली गईं हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि सबसे पहले सुबह 8 बजे से डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। इसके लिए कुल 63 कक्ष बनाए गए हैं। इसके बाद 8.30 बजे से ईवीएम के मतों की गिनती शुरू की जाएगी, इसके लिए कुल 235 कक्ष होंगे। ईवीएम के मतों की गणना के लिए 2 हज़ार 713 टेबल्स और पोस्टल बैलेट और ईटीबीपीएस से डाले गए मतों की गणना के लिए 841 टेबल्स लगाई गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतगणना कुल 4,033 राउंड में होगी। सबसे अधिक कुल 206 राउंड राजसमंद और सबसे कम कुल 143 राउंड बीकानेर लोकसभा क्षेत्र में होंगे।

.....................

लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्रवार अधिकतम राउंड की संख्या के आधार पर, टोंक–सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र में सबसे कम 20 राउंड और राजसमंद लोकसभा क्षेत्र के लिए सबसे अधिक 28 राउंड की मतगणना होगी। श्री गुप्ता ने बताया कि मतगणना के लिए रिटर्निंग अधिकारी, उप निर्वाचन अधिकारी, काउंटिंग सुपरवाईजर, काउंटिंग असिस्टेंट, काउंटिंग स्टाफ और माइक्रो ऑब्जर्वर सहित 13 हजार से अधिक कार्मिकों की नियुक्ति की गई है। मतगणना टेबल्स के लिए करीब 3,550 माइक्रो ऑब्जर्वर और 1,200 से अधिक सहायक रिटर्निंग अधिकारी एआरओ नियुक्त किए गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में 56 मतगणना पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को मतगणना केंद्र में सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी मतगणना स्थलों पर तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था होगी। किसी भी व्यक्ति को बिना अनुमति के कमरे में प्रवेश करने या छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आयुक्तालय जयपुर क्षेत्र में 5, अजमेर और भीलवाड़ा जिले में 3–3 तथा मतगणना वाले अन्य सभी जिलों में आरएसी की 2–2 कंपनी तैनात रहेंगी। इसके साथ ही, जिन जिलों में मतगणना केंद्र नहीं हैं, वहां भी 1–1 आरएसी कंपनी तैनात रहेंगी। मतगणना के मद्दे नजर कल पूरे राज्य में सूखा दिवस घोषित किया गया है। मतगणना से पहले सभी सीयू, वीवीपैट मशीनों और संबंधित दस्तावेजों को स्ट्रॉन्ग रूम से लेकर काउंटिंग हॉल तक लाने और मतगणना के बाद वापस स्ट्रॉन्ग रूम तक ले

जाने की कार्यवाही की निर्बाध सीसीटीवी कवरेज सुनिश्चित की जाएगी। भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य के सभी 29 मतगणना केंद्रों पर कूलिंग की समुचित व्यवस्था और पूरे मतगणना स्थल पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। हमारे सवांददाता ने बताया कि कल राज्य के कई दिग्गज नेताओं की किस्मत का फैसला होना है।

...................

कल होने वाली मतगणना के लिये विभिन्न संसदीय क्षेत्रों से हमारे संवाददाताओं ने मतगणना की तैयारियों के संबंध में समाचार भेजे हैं। **दौसा** में पंडित नवल किशोर शर्मा पीजी कॉलेज में मतगणना होगी, इसके लिए आज रामकरण जोशी स्कूल में मतगणना के कर्मचारियों को अंतिम प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 700 से अधिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। मतगणना के लिए कुल 150 टेबल लगाई गई है और विधानसभा वार होने वाली इस मतगणना में अधिकतम 21 चरण होंगे।

**भीलवाड़ा** में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतों की गिनती होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता, जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत और पर्यवेक्षकों ने आज मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। मतगणना 142 टेबल पर होगी।

**कोटा** में आज मतगणना कर्मियों और एजेंट्स का प्रशिक्षण हुआ। इस दौरान सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. वेंकटाचलम और संतोष कुमार ने मतगणना प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों की अनुपालना करते हुए पूरी करने के निर्देश दिए। कल सुबह पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे। मतगणना के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला प्रशासन ने दावा किया है कि पहला रुझान सुबह 8 बजकर 25 मिनिट पर मिल जाएगा। ईवीएम की काउंटिंग भी सुबह 8 बजे से ही शुरू कर दी जाएगी। इस बार काउंटिंग में सभी आठों विधानसभा क्षेत्रों के पोस्टल बैलट एक ही जगह गिने जाएंगे। **बाड़मेर** में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतगणना के लिए 144 टेबल्स लगाई गई हैं। डाक मतपत्रों की गिनती दो कमरों में 29 टेबल्स पर की जाएगी।

बाड़मेर संसदीय क्षेत्र में मतगणना के दौरान शिव विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज़्यादा 23 राउण्ड और पचपदरा विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 15 राउण्ड होंगे। **झालावाड़** में पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतगणना होगी। इसके लिये 137 मतगणना टीमों का गठन किया गया है। मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से 12–12 टेबल लगाई गई हैं। मतगणना के दौरान परिसर के अंदर तथा बाहर 1200 सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे।

000

आकाशवाणी जयपुर की ओर से श्रोताओं तक लोकसभा चुनाव की मतगणना की ताजा जानकारी पहुंचाने के लिये कल विशेष बुलेटिन प्रसारित किये जायेंगे। राजस्थानी में विशेष बुलेटिन सुबह 10 बजे, दोपहर 12 बजे, 3 बजे और शाम 5 बजे प्रसारित होगें। हिन्दी में विशेष चुनाव बुलेटिन सुबह 11 बजे और शाम 4 बजे सुने जा सकते हैं। ये सभी विशेष बुलेटिन 5–5 मिनिट की अवधि के होगें। आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से प्रसारित ये बुलेटिन प्रदेश में स्थित अन्य सभी केन्द्रों से रिले किये जायेंगे। इसके अलावा क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से राज्य के लोकसभा चुनाव परिणामों पर विशेष लाइव चर्चा रात 8 बजे प्रसारित होगी। आधे घंटे का ये कार्यक्रम प्रदेश में आकाशवाणी के पूरे नेटवर्क पर उपलब्ध होगा।

000

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि 18वीं लोकसभा के चुनाव में 64 करोड से ज्यादा मतदाताओं ने भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि

भारत में मतदाताओं की संख्या सभी जी–7 देशों – अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और कनाडा के मतदाताओं की संख्या की डेढ गुना है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में 31 करोड से ज्यादा महिला मतदाताओं ने वोट डाला, जो दुनिया में अब तक का सबसे ज्यादा है। उन्होंने यह भी कहा कि 2019 के आम चुनाव में पांच सौ 40 केन्द्रों पर पुनर्मतदान हुआ इस चुनाव में केवल 39 केन्द्रों पर पुनर्मतदान करवाया गया।

000

.....................

राज्य में पश्चिम विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद आज फिर से तेज़ गर्मी और लू का प्रकोप रहा। जयपुर में तापमान 42 डिग्री के आसपास रहा। दिन में तेज धूप और गर्म हवा से लोग परेशान रहे।

**बालोतरा** में अधिकतम तापमान 43 डिग्री रहा। श्रीगंगानगर में कल हुई ओलावृष्टि के बाद आज फिर तेज धूप और गर्मी से जनजीवन प्रभावित हुआ। करौली में भी भीषण गर्मी रही। बाडमेर में तेज गर्मी और लू के कारण आज फिर सन्नाटा पसरा रहा। **झालावाड** जिले में में मौसम में कुछ नरमी आई है, हालांकि लू का प्रभाव आज भी जारी रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि आगामी 48 घंटों में पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों को छोड़कर शेष अधिकांश हिस्सों में तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। सीमावर्ती क्षेत्रों में आगामी 4–5 दिन अधिकतम तापमान 45–46 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज होने तथा हीटवेव की संभावना है। शेष हिस्सों में 45 डिग्री से नीचे दर्ज होने और अधिकांश भागों में हीटवेव से राहत के आसार है।

000

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में राज्य में हो रहे आयोजनों की कड़ी में आज विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साइकिल दिवस पर आमजन का आह्वान किया कि सभी स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी निभाएँ और प्रदूषण को कम करने का संकल्प लें। साइकिल दिवस पर जयपुर के जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर सुबह 'विमेन्स साइक्लोथॉन' का आयोजन किया गया। महिलाओं ने साइक्लिंग कर स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया। भरतपुर में भी साइकिल रैली निकाली गई। शास्त्री पार्क से शुरू हुई इस रैली को जिला कलेक्टर डॉक्टर अमित यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का समापन किला स्थित संग्रहालय पर हुआ। इस मौके पर पौधरोपण भी किया गया। रैली के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया गया तथा स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करने और साइक्लिंग करने की अपील भी की गई। बांसवाड़ा शहर के प्रताप सर्किल पर आज सुबह संभागीय आयुक्त ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। **झालावाड** जिले में आज विश्व साइकिल दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें साईकिल प्रेमियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर हुई गोष्ठी में वक्ताओं ने साईकिल चलाने से होने वाले फायदे बताए। **जैसलमेर** में नगर परिषद और वायुसेना स्टेशन की ओर से गड़ीसर झील से हनुमान सर्किल तक साईकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में 100 से अधिक लोगों ने हिस्सा। नगर परिषद आयुक्त लजपाल सिंह ने रैली के समापन पर उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई।

000

बूंदी जिले के डाबी के पास राजपुरा गांव में खदान में भरे पानी में डूबने से भाई–बहन की मौत हो गई। खदान में पानी पीने के दौरान पैर फिसलने से ये हादसा हुआ। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची डाबी थाना पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पानी से बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम करवाया।

000

श्रीगंगानगर जिले में नशा मुक्ति के लिये चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। सहायक औषधि नियंत्रक अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि इसमें विभिन्न प्रकार की कमियां और अनियमितता पाये जाने पर 8 मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलम्बित किये गये हैं।

000